# यूरोप 02

1. **यूरोप की मध्यवर्ती उच्च भूमियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**
   **1.स्पेन और पुर्तगाल: मेसेटा**
   **2. फ्रांस ब्लैक : फॉरेस्ट**
   **3.जर्मनी : जूरा पर्वत**
   **कूट:**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) केवल 3
   (d) 1, 2 और 3

2. **माउंट ब्लांक निम्नलिखित में से किस पर्वत की चोटी है?**
   (a) एटलस पर्वत
   (b) आल्प्स पर्वत
   (c) ब्लैक फॉरेस्ट
   (d) जूरा पर्वत

3. **आल्प्स पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. ये युवा मोड़दार वलित पर्वत है।**
   **2. इनका निर्माण एटलस और रॉकी पर्वतों के निर्माणकाल में हुआ है।**
   **3.इस श्रृंखला का विस्तार एशिया में भी है।**
   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

4. **निम्नलिखित में से कॉकेशस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?**
   (a) माउंट एल्ब्रुस
   (b) माउंट एवरेस्ट
   (c) राकापोशी
   (d) इनमें से कोई नहीं

5. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(देश) | | सूची-II(राजधानी) |
|---|---|---|---|
| A | सर्बिया | 1 | साराजेवो |
| B | बोस्निया-हर्जेगोविना | 2 | बेलग्रेड |
| C | स्लोवेनिया | 3 | ज़गरेब |
| D | क्रोएशिया | 4 | ल्जूबल्जाना |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-2,**B**-1,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-3,**B**-1,**C**-4,**D**-2
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

6. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(देश) | | सूची-II(राजधानी) |
|---|---|---|---|
| A | रोमानिया | 1 | बुखारेस्ट |
| B | हंगरी | 2 | बुडापेस्ट |
| C | ऑस्ट्रिया | 3 | वियना |
| D | चेक रिपब्लिक | 4 | प्राग |

**कूट:-**
(a) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4
(b) **A**-2,**B**-1,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-3,**B**-1,**C**-4,**D**-2
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3

7. **यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. इसका अधिकतर भाग शीतोष्ण कटिबंध में है।**
   **2. इसका विस्तार पछुआ पवनों की पेटी में है।**
   **3.यूरोप में किसी भी पर्वत का विस्तार उत्तर से दक्षिण की ओर नहीं है।**
   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

8. **कथन (A): पश्चिमी यूरोप के तटों के आस-पास सागरों का पानी उत्तर अटलांटिक प्रवाह के गर्म जल के कारण नहीं जमता।**
   **कारण (R): पछुआ पवनें यूरोप में अच्छी वर्षा करती है।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और दोनों सही हैं, परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

**9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(क्षेत्र) | | सूची-II(जलवायु) |
|---|---|---|---|
| A | पश्चिमी यूरोप | 1 | महाद्वीपीय |
| B | दक्षिणी यूरोप | 2 | पश्चिमी यूरोप तूल्य |
| C | उत्तरी यूरोप | 3 | टुंड्रा |
| D | पूर्वी यूरोप | 4 | भूमध्यसागरीय |

**कूट:-**
(a) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4
(b) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**2,**B-**4,**C-**3,**D-**1
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3

**10. 'पश्चिमी यूरोप तुल्य जलवायु' महासागरीय जलवायु का विशिष्ट रूप है। इसके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसमें तापमान पूरे वर्ष प्राय: एक समान रहता है।**
**2. इसमें वर्षा केवल ग्रीष्म ऋतु में ही होती है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**11. यूरोप के किस क्षेत्र में कुछ समय के लिए मध्यरात्रि में सूर्य चमकता है?**
(a) आर्कटिक वृत्त के दक्षिण में
(b) आल्प्स पर्वतों और विषुवत् वृत्त के मध्य
(c) भूमध्य सागर और आर्कटिक वृत्त के मध्य
(d) आर्कटिक वृत्त के उत्तर में

**12. यूरोप के दक्षिण-पूर्वी भाग में विस्तृत घास भूमियों को किस नाम से जाना जाता है?**
(a) स्टेपीज
(b) प्रेयरी
(c) सवाना
(d) लानोस

**13. यूरोप में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) टुंड्रा वनस्पति-मिश्रित वन-टैगा वन
(b) मिश्रित वन-टुंड्रा वनस्पति -टैगा वन
(c) टैगा वन- टुंड्रा वनस्पति -मिश्रित वन
(d) टुंड्रा वनस्पति- टैगा वन-मिश्रित वन

**14. कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1.मिश्रित कृषि- एक ही फार्म पर फसलों की खेती के साथ-साथ पशुपालन ।**
**2. गहन कृषि – भूमि की प्रति इकाई में मानव श्रम का अधिकाधिक उपयोग।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**15. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1.डाइक – तटबंध बनाकर समुद्र से प्राप्त की गई भूमि।**
**2. पोल्डर – समुद्र से स्थल की रक्षा के लिए समुद्र के तट के साथ बने बड़े-बड़े बाँध।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**16. नीदरलैंड की कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. इसने कृषि के लिए समुद्र से भूमि के विशाल क्षेत्र निकाले हैं।**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. यहाँ कृषि के लिए डाइक और पोल्डर महत्त्वूपर्ण हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**17. यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यहाँ की जलवायु गेहूँ की फसल के लिए प्रतिकूल है।**
**2. यहाँ चीनी बनाने का मुख्य स्त्रोत चुकंदर है।**
**3. फलों के बाग विशेष रूप से भूमध्यसागरीय प्रदेशों में है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**18. निम्नलिखित में से कौन-से यूरोप के कृषि आधारित उद्योग है?**
**1. जैम और जैली बनाना**
**2. शराब उद्योग**
**3.बेकरी उद्योग**
**4. चीनी उद्योग**
**कूट:-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**19. यूरोप में पशुपालन के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. इसके कुल क्षेत्रफल के पाँचवें भाग पर चारागाह हैं।**
**2.यहाँ पशुपालन केवल माँस के लिए किया जाता है।**
**3.डेनमार्क अपने डेयरी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**20. यूरोप में खनिज संसाधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**
(a) ब्रिटेन में कोयला नहीं पाया जाता है।
(b) यहाँ उत्तर-पूर्वी फ्रांस से लेकर पोलैंड तक कोयले के निक्षेप पाए जाते है।
(c) अज़रबैजान और रूस (यूरोप महाद्वीप वाला भाग) में पेट्रोलियम के स्त्रोत हैं।
(d) फ्रांस में लौह अयस्क पाया जाता है।

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. डेनमार्क का औद्योगिक विकास कृषि उत्पादों के आधार पर हुआ है।**
**2. ऑस्ट्रिया और स्विट्ज़रलैंड का औद्योगिक विकास छोटी-छोटी बहुमूल्य वस्तुओं के निर्माण के द्वारा हुआ।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**22. मत्स्य उत्पादन के प्रसिद्ध क्षेत्र डॉगर बैंक तथा ग्रेट फिशर निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?**
(a) उत्तरी सागर
(b) भूमध्य सागर
(c) कैस्पियन सागर
(d) काला सागर

**23. यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. 'प्रायद्वीपों का प्रायद्वीप' कहा जाने वाला यूरोप महाद्वीप क्षेत्रफल की दृष्टि से छठा सबसे बड़ा महाद्वीप है।**
**2. राइन नदी मार्ग यूरोप का सबसे अधिक व्यस्त अंत:स्थलीय जलमार्ग है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**24. यूनाइटेड किंगडम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह निम्न उच्चावच वाला देश है।**
**2. इसकी पहाड़ियाँ नीची है।**
**3. इसकी तटरेखा बहुत दंतुरित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**25. यूनाइटेड किंगडम की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यहाँ की जलवायु शीतोष्ण तथा समतापीय है।**
**2. यहाँ वर्षा केवल शीत ऋतु में होती है।**
**3. यहाँ प्रतिदिन औसतन दो घंटे के लिए ही धूप निकलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**26. मत्स्य उत्पादन की प्रसिद्ध क्षेत्र डॉंगर बैंक निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?**
(a) फ्रांस
(b) जर्मनी
(c) यूनाइटेड किंगडम
(d) आयरिश गणराज्य

**27. मत्स्य उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. ट्रालर: सागरों की तली में मछलियाँ पकड़ने में सहायक।**
**2.ड्रिफ्टर: सागरों की ऊपरी सतह से मछलियाँ पकड़ने में सहायक।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**28. लंदन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह यूनाइटेड किंगडम की राजधानी है।**
**2. यह विदेशी वस्तुओं के पुनर्निर्यात के लिए प्रसिद्ध है।**
**3. यह टेम्स नदी के किनारे स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**29. फ्रांस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह यूरोप का सबसे बड़ा देश है।**
**2. यह तीन ओर से सागर से घिरा हुआ है।**
**3. फ्रांस का शैपेन क्षेत्र शैपेन शराब के उत्पादन के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।**
**4. इसकी राजधानी पेरिस है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**30. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (पर्वत) | | सूची-II(फ्रांस से सीमा) | |
|---|---|---|---|
| A | पिरेनीज पर्वत | 1 | फ्रांस को स्पेन से अलग करता है। |
| B | आल्प्स | 2 | फ्रांस को इटली से अलग करता है। |
| C | जूरा | 3 | फ्रांस को स्विट्ज़रलैण्ड से अलग करता है। |
| D | वॉसजेस | 4 | फ्रांस को जर्मनी से अलग करता है। |

**कूट:-**
(a) **A-**4,**B-**2,**C-**1,**D-**3
(b) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**3,**B-**1,**C-**4,**D-**2
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213